आज दिनांक 5 जून 2012 को मोहन लाल साहवाल स्मृति औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र की प्रबन्ध कार्यकारिणी व परामर्श कमेटी के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों की सभा का आयोजन पूर्व घोषित व प्रेषित सूचना के आधार पर निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित की गई। सभी सदस्यों को इसकी सूचना जरिये लिखित सूचना व दूरभाष द्वारा दी गई। आज की सभा में निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज की आज की सभा की अध्यक्षता प्रबन्ध कमेटी की अध्यक्षा श्री मति संतोष देवी साहवाल द्वारा की गई। अध्यक्षा द्वारा आज्ञा के पश्चात सभा प्रारम्भ की गई आज की सभा में पूर्व घोषित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया विचार विमर्श के पश्चात निम्न प्रस्ताव कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

प्रस्ताव

(1) अगामी सत्र जो कि जुलाई में प्रारम्भ हो रहा है इसमें प्रवेश प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों से वसूल की जाने वाली फीस निम्न प्रकार से रहेगी। यह प्रस्ताव कमेटी के सदस्य पंकज अग्रवाल द्वारा रखा गया।

(1)	प्रशिक्षण शुल्क	= 20,000.00
(2)	अवधान द्रव्य	= 1,000.00
(3)	रजिस्ट्रेशन शुल्क	= 50.00
	कुल	21050.00

निर्णय 1 :- उक्त प्रस्तावित बिन्दु का उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा समर्थन किया गया व पूर्व वर्ष की भांती लागु करने का निर्णय लिया गया यह फीस आगामी सत्र जुलाई 2011 में प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियो से वसूले जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव 2 :-

इस प्रस्ताव के अन्तर्गत आगामी सत्र मे किए जाने वाले प्रवेश के लिए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार प्राप्त आवेदन पत्रो मे वरियता सूचि तैयार कर वरियता के आधार पर प्रवेश सूचि तैयार करने का प्रस्ताव समिति सदस्य प्रमोद सरीया द्वारा रखा गया।

निर्णय 2 :- प्रमोद सरीया द्वारा रखे गए व प्राविधिक शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार ही प्रवेश देने का निर्णय उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा लिया गया इस प्रकार उक्त प्रस्ताव ध्वनिमत से लागु करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव 3 :- संस्थान मे जुलाई 2011 मे 42 सीटो पर प्रवेश लेना है अतः इसके लिए दैनिक समाचार पत्रो मे विज्ञापन प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय 3 :- उक्त प्रस्ताव पर सभी उपस्थित सदस्यो द्वारा सहमति दर्शाई गई

इस कार्य हेतु सचिव निदेश साहेवाल को अधिकृत किया गया कि प्रवेश के लिए विज्ञापन व प्रचार दोनो के लिए विज्ञापन समाचार देने के लिए कहा गया।

प्रस्ताव 4 :- इस प्रस्ताव के तहत समिति के सदस्य विकास अग्रवाल द्वारा कच्चा माल प्रायोगिक कार्य हेतु क्रय करने की राशि निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया इस प्रस्ताव के अन्तर्गत कुल 325 रु प्रति प्रशिक्षणार्थी के हिसाब से 42 प्रशिक्षणार्थियों का अनुमानित खर्चा सत्रान्त तक राशि 80,000/- खर्च करने का प्रावधान रखा गया।

निर्णय : 4 :- उक्त प्रस्ताव का समर्थन उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा किया गया जिसमे कच्चे माल पर सत्रान्त तक राशि 80,000/- व्यय करने का निर्णय लिया गया

सन्तोषदेवी

सचिव
मोहनलाल साहेवाल स्मृति आई.टी.सी.
प्रबन्ध समिति, नोहर (राज.)

Vipas

Renu Sahewal

Saria

Pankaj

कालूराम

Nitika Sahewal

Renu